भोपाल | सोमवार | 28 जुलाई 2025 | वर्ष 69 | अंक 174 | पृष्ठ 12 | मूल्य रु. 5.00
navabharat.com twitter.com/Nava_Bharat fb.me/NavaBharat.Social

# नव भारत

1934 से
भोपाल 70 वां वर्ष संस्करण


4 मध्य प्रदेश की पंचायत में घोटाला 120 रुपये रेट का लड्डू खा डाला


5 धर्मांतरण पर कानून लाएगी सरकार


8 मैकिन्टोश ने 400 मीटर में जीता स्वर्ण


9 चावल-गेहूं सस्ते, तेल-चीनी महंगे

# मंदिर में भगदड़ से 6 की मौत

## हाई वोल्टेज बिजली का तार टूटने की थी अफ़वाह, 31 घायल

**हरिद्वार/देहरादून, 27 जुलाई. उत्तराखंड में हरिद्वार के मनसा देवी मंदिर में रविवार सुबह हाई वोल्टेज बिजली का तार टूटने की अफ़वाह के बाद मची भगदड़ में छह लोगों की मौत हो गयी और 31 अन्य घायल हो गए.**

उत्तराखंड आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (यूएसडीएमए) की ओर से घटना के बाद हेल्पलाइन नम्बर जारी किए गए हैं. मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मामले की न्यायिक जांच और मृतकों तथा घायलों को मुआवजे की घोषणा की है. यूएसडीएमए के सचिव विनोद कुमार सुमन ने बताया रविवार सुबह लगभग नौ बजे जनपद हरिद्वार के मनसा देवी मंदिर में भगदड़ की सूचना मिली. तुरंत जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ की टीम ने मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य प्रारंभ किया. उन्होंने बताया कि इस दुर्घटना में छह व्यक्तियों की



मौंत हुई है.

जिनकी पहचान आरूष (12) निवासी सौदागरण, बरेली, उत्तर प्रदेश, शकल देव (18) निवासी अररिया, बिहार, विक्की पुत्र (18) ग्राम एवं थाना विलासपुर, कैमरी रोड़, नगलिया कला, मजरा रामपुर, उत्तर प्रदेश, विपिन सैनी (18) निवासी वसुवाखेरी, काशीपुर, उत्तराखण्ड, वकील निवासी मौहतलवाद, जिला बाराबंकी, उत्तर प्रदेश और शान्ति पत्नी रामभरोसें, निवासी बदायूं, उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है.

सुमन ने बताया कि हादसे में पांच व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हुए हैं. जिन्हें उपचार के लिए एम्स, ऋषिकेश भेज दिया गया है. घायलों से 20 व्यक्तियों का उपचार हरमिलाप मिशन राजकीय चिकित्सालय, हरिद्वार में किया जा रहा है एवं तीन अन्य घायलों का उपचार मेला अस्पताल हरिद्वार में किया जा रहा है.

> राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने भी हादसे पर दुख जताते हुए एक्स पर लिखा, हरिद्वार के मनसा देवी मंदिर के मार्ग में भगदड़ की दुर्घटना में अनेक श्रद्धालुओं की मृत्यु का समाचार बहुत पीड़ादायक है. मैं सभी शोक संतप्त परिवारजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करती हूं. मैं प्रार्थना करती हूं कि घायल हुए सभी श्रद्धालु शीघ्र स्वस्थ हों.

> पीएम मोदी के हवाले से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, उत्तराखंड के हरिद्वार में मनसा देवी मंदिर मार्ग पर हुई भगदड़ में हुई जान-माल की हानि से अत्यंत दुखी हूं. जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति संवेदना. ईश्वर करे कि घायल शीघ्र स्वस्थ हों. स्थानीय प्रशासन प्रभावित लोगों की सहायता कर रहा है.

# राष्ट्रीय सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता

**ऑपरेशन सिंदूर ने विश्व को दिया संदेश : पीएम मोदी**

**आतंकवादियों के लिए कहीं भी सुरक्षित पनाहगाह नहीं है**

**चेन्नई, 27 जुलाई. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर ने पूरे विश्व को ये दिखा दिया है कि अपनी सुरक्षा और संप्रभुता के खिलाफ किसी भी खतरे को लेकर को लेकर भारत का रूख कितना दृढ़ और निर्णायक है. उन्होंने कहा कि इस अभियान ने ये साफ संदेश भी दे दिया है कि आतंकवादियों और देश के दुश्मनों के लिए कोई भी सुरक्षित पनाहगाह नहीं है.**

प्रधानमंत्री ने गंगईकोंडा चोलपुरम में एक सार्वजनिक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने भारत के लोगों को नया आत्मविश्वास दिया है और पूरा विश्व इसे देख रहा है. श्री मोदी गंगईकोंडा चोलपुरम मंदिर में आदि तिरूवथिराई उत्सव के मौके पर यहां आये थे जो राजा राजेन्द्र चोल-1 की दक्षिण पूर्व की समुद्रीय यात्रा, उनकी जयंती और राजा द्वारा गंगईकोंडा चोलपुरम मंदिर के निर्माण के 1000 वर्ष पूरे होने के मौके पर आयोजित किया गया है.

प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि आज का भारत अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है. ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा , दुनिया ने भारत का उसकी संप्रभुता के विरुद्ध किसी भी खतरे का दृढ़ और निर्णायक जवाब देखा है. ऑपरेशन सिंदूर ने स्पष्ट संदेश भी दिया है कि आतंकवादियों और राष्ट्र के दुश्मनों के लिए कोई सुरक्षित पनाहगाह नहीं है.

मोदी ने कहा कि भारत को एक विकसित राष्ट्र बनने के लिए राष्ट्रीय एकता को प्राथमिकता देनी होगी. इसके साथ ही अपनी नौसेना और रक्षा बलों को मजबूत करना होगा तथा नए अवसरों की तलाश करनी होगी.



**चोल राजा ने शक्तिशाली नौसेना की स्थापना की थी**

राजा राजेन्द्र चोल की विरासत का जिक्र करते हुए मोदी ने गंगईकोंडा चोलपुरम मंदिर का उल्लेख किया और कहा कि उन्होंने अपने पिता के सम्मान में इस मंदिर के गोपुरम (मंदिर टावर) की ऊंचाई को पिता द्वारा तंजावुर में बनवाये गये बृहदेश्वर मंदिर से नीचे रखा. उन्होंने कहा, चोल काल की आर्थिक और सामरिक प्रगति आधुनिक भारत के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी हुई है. राजराजा चोल ने एक शक्तिशाली नौसेना की स्थापना की, जिसे राजेंद्र चोल ने और मजबूत किया. चोल साम्राज्य ने नए भारत के निर्माण के लिए एक प्राचीन रोडमैप के रूप में कार्य किया.

### एक नजर में



**वकील और न्यायाधीश न्याय के दो पहिए : गवई**

**श्रीनगर.** भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) बी आर गवई ने रविवार को कहा कि न्यायपालिका और विधिक बिरादरी ने सभी समस्याओं के समाधान और कश्मीर को सामान्य स्थिति की ओर ले जाने के उद्देश्य से एक संवाद शुरू किया है. न्यायमूर्ति गवई ने शहीदों के परिवारों की सहायता और कानूनी ढाँचे को मज़बूत करने में उल्लेखनीय पहल के लिए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) की भी सराहना की. मुख्य न्यायाधीश ने नालसा के उत्तरी क्षेत्रीय सम्मेलन में भाग लेने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि कल शुरू की गई नई अनूठी योजना वीर परिवार योजन, राष्ट्र की सेवा में अपने प्राणों की आहुति देने वाले सैनिकों के परिवारों की सहायता के लिए बनाई गई है. न्यायमूर्ति गवई ने कहा, नालसा ने देश के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की सहायता के लिए वीर परिवार योजना की एक बहुत ही अनूठी योजना शुरू की है.

**खालिस्तानी आतंकी करणवीर सिंह गिरफ्तार**

**नयी दिल्ली.** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल को बड़ी सफलता मिली है. बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) से जुड़े खालिस्तानी आतंकी करणवीर सिंह को दिल्ली से गिरफ्तार किया गया है. करणवीर 7 अप्रैल 2025 को पंजाब के बटाला स्थित किला लाल सिंह पुलिस स्टेशन पर हुए ग्रेनेड हमले का वांछित आरोपी था. पुलिस उपायुक्त (विशेष प्रकोष्ठ) अमित कौशिक ने बताया कि करणवीर पंजाब के कपूरथला जिले का निवासी है और बीकेआई संगठन का सक्रिय सदस्य है. उसके खिलाफ इंटरपोल की रेड कॉर्नर नोटिस भी जारी की गई थी. इससे पहले 22 जुलाई को मध्यप्रदेश के इंदौर से बीकेआई के ही सदस्य आकाशदीप को हथियार तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया गया था.

**तेज रफ्तार बीएमडब्ल्यू ने ली मासूम की जान**

**नोएडा.** सेक्टर-20 थाना क्षेत्र में रविवार दोपहर एक भीषण सड़क हादसे में पांच वर्षीय बच्ची की मौत हो गई, जबकि उसके पिता और मामा गंभीर रूप से घायल हो गए. यह हादसा उस समय हुआ जब बच्ची को इलाज के बाद अस्पताल से घर ले जाया जा रहा था. घटना सेक्टर-30 क्षेत्र में स्थित चाइल्ड पीजीआई अस्पताल के पीछे हुई, जहां स्कूटी सवार गुल मोहम्मद अपनी बेटी और साले राजा के साथ घर लौट रहे थे. इसी दौरान तेज गति से आ रही एक बीएमडब्ल्यू कार ने स्कूटी को पीछे से जबरदस्त टक्कर मार दी. टक्कर इतनी भीषण थी कि स्कूटी पर सवार तीनों लोग दूर जा गिरे. स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी. घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया.

### गुस्ताखी माफ




# हरदा के एएसपी, डीएसपी हटाए

## करणी सेना पर लाठीचार्ज पर सीएम का सख्त एक्शन

**भोपाल/हरदा,27 जुलाई . मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हरदा जिले के राजपूत छात्रावास में 13 जुलाई को हुए लाठीचार्ज मामले में सख्त कार्रवाई करते हुए जिले के कई अधिकारियों को हटाने के निर्देश दिए हैं. सीएम ने इस कार्रवाई की जानकारी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा की.**

सीएम ने लिखा,हरदा जिले में 13 जुलाई को राजपूत छात्रावास में घटित प्रकरण की जांच के उपरांत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, एसडीएम एवं एसडीओपी को तत्काल प्रभाव से हरदा जिले से हटाया गया है. थाना प्रभारी, कोतवाली एवं ट्रैफिक थाना प्रभारी को नर्मदापुरम् आईजी कार्यालय में अटैच किया गया है. समाज के छात्रावास में अनुचित बल प्रयोग एवं स्थिति के संवेदनशील निराकरण में लापरवाही को लेकर यह कार्रवाई की गई है. यह विवाद पैसे के लेनदेन को लेकर हुआ था, जिसमें करणी सेना जिला अध्यक्ष की गिरफ्तारी के बाद विरोध तेज़ हो गया. करणी सेना ने प्रदेशव्यापी आंदोलन किया, जिसके दौरान पुलिस ने छात्रावास में घुसकर लाठीचार्ज किया था.

इस घटना को लेकर पूरे प्रदेश में नाराजगी थी. विदेश दौरे पर रहते हुए भी मुख्यमंत्री ने मामले का संज्ञान लिया था और तत्काल जांच के आदेश दिए थे.

# मध्यप्रदेश में बारिश-बाढ़ की मार

**डबरा में बाढ़ जैसे हालात घर-कॉलोनियां लबालब**

**एसडीआरएफ ने 50 लोगों को किया रेस्क्यू**

**ग्वालियर, 27 जुलाई. डबरा इलाके में भीषण बारिश के चलते बाढ़ के हालात बन गए हैं. कस्बे की दर्जन भर कॉलोनियां जलमग्न हो गई हैं. घरों में पानी भर गया है. नंदू डेरा इलाके के आसपास के क्षेत्रों में पानी भरने से लोग घरों में कैद हो गए हैं. वहीं प्रशासन और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंचकर 50 से अधिक लोगों का रेस्क्यू कर सुरक्षित बाहर निकाला है.**

ग्वालियर अंचल में बीते तीन



दिन से लगातार बारिश हो रही है. वहीं ग्रामीण इलाकों में बारिश का तांडव देखने को मिल रहा है. डबरा के कई मुहल्ले जलमग्न हो गए हैं. खासकर निचली बस्तियों में बारिश का पानी सड़कों से निकलकर घरों तक पहुंच गया है.

डबरा के मुख्य मार्ग चिनौर रोड और नन्दू के डेरा स्थित घरों में इतना पानी भर गया कि लोगों के सामान तैरने लगे हैं. वहीं सड़कों पर नदी की धार की तरह पानी बह रहा है, जिससे उनका संपर्क आसपास के इलाकों से टूट गया है. इस भीषण बारिश की वजह से नंदू के डेरा इलाके में पचास से ज्यादा लोग घरों में कैद हो गए हैं. सूचना मिलते ही पुलिस, प्रशासन और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और इन मकानों को खाली कराया गया. फिलहाल इन घरों में फंसे 50 से अधिक लोगों को वहां से सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है.

# आईएसआई का भंडाफोड़

## 5 तस्करों को किया गिरफ्तार, कई हथियार बरामद

**पंजाब,27 जुलाई. पंजाब के अमृतसर में ग्रामीण पुलिस ने पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई से जुड़े एक अंतरराष्ट्रीय हथियार तस्करी नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है.**

पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि इस संयुक्त अभियान में पांच तस्करों को गिरफ्तार किया गया है, जिनके आईएसआई के एजेंटों से सीधे संबंध थे. गिरफ्तार आरोपियों के पास से एक एके सैगा 308 असॉल्ट राइफल, दो ग्लॉक पिस्तौल, छह मैगजीन, 90 एके कारतूस, 10 पिस्तौल कारतूस, 7.5 लाख नकद, एक कार और मोबाइल फोन बरामद हुए. पकड़ी गई खेप पंजाब के कुख्यात




गैंगस्टर जग्गू भगवानपुरिया के सहयोगी नव पंडोरी तक पहुंचाई जानी थी. यह गिरोह आतंकवादी और गैंगस्टर गठजोड़ का हिस्सा है. गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रंगगढ़, रसूलपुर कल्लर और रूपनगर के निवासियों के रूप में हुई है. पुलिस ने बताया कि जग्गू भगवानपुरिया पंजाब में 128 से अधिक आपराधिक मामलों में शामिल है और उसका नेटवर्क पाकिस्तान, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया तक फैला है.

# एनसीईआरटी सिलेबस में ऑपरेशन सिंदूर

- **छात्रों को सिखाई जाएगी भारत की रणनीतिक प्रतिक्रिया**
- **ऑपरेशन सिंदूर पर एक विशेष शैक्षणिक मॉड्यूल किया तैयार**

**नयी दिल्ली,27 जुलाई. राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) ने उच्चतर माध्यमिक कक्षाओं के लिए ऑपरेशन सिंदूर पर एक विशेष शैक्षणिक मॉड्यूल तैयार किया है. यह मॉड्यूल अब अंतिम चरण में है और जल्द ही पाठ्यक्रम में शामिल किया जाएगा. बाद में इसे माध्यमिक स्तर की कक्षाओं में भी लाया जा सकता है.**

एन सी ई आर टी

ऑपरेशन सिंदूर भारत द्वारा 27 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए घातक आतंकवादी हमले के जवाब में 7 मई को की गई सैन्य कार्रवाई थी. इस ऑपरेशन के अंतर्गत भारतीय सेना ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में स्थित आतंकी ठिकानों पर सटीक हमले किए थे. एनसीईआरटी के अनुसार, यह मॉड्यूल एक स्वतंत्र केस अध्ययन होगा, जो छात्रों को यह समझने में मदद करेगा कि राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए सरकारें कैसे सैन्य, कूटनीतिक और प्रशासनिक निर्णय लेती हैं. इस पहल का उद्देश्य छात्रों को समसामयिक घटनाओं की तथ्यात्मक जानकारी देना और उन्हें राष्ट्र की सुरक्षा प्रणाली से परिचित कराना है.

> यह मॉड्यूल राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा 2023 के अनुरूप तैयार किया गया है. इसके तहत विद्यार्थियों को यह भी बताया जाएगा कि आतंकवाद विरोधी कार्रवाई के पीछे कौन-कौन से निर्णय, प्रक्रियाएं और संस्थान सक्रिय होते हैं.

# आईएसआई बना रही थी भारत में लेडी ब्रिगेड स्लीपर सेल

**नयी दिल्ली,27 जुलाई.** उत्तर प्रदेश के आगरा में उजागर हुए धर्मांतरण मामले में रविवार को सुरक्षा एजेंसियों को चौकन्ना कर दिया है. यूपी एटीएस की जांच में बड़ा खुलासा हुआ है कि पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई भारत में महिलाओं की लेडी ब्रिगेड स्लीपर सेल तैयार करने की साजिश रच रही थी. इस नेटवर्क के पीछे पाकिस्तानी यूट्यूबर तनवीर अहमद और साहिल अदीब का नाम सामने आया है, जो लड़कियों को ऑनलाइन माध्यम से कट्टरपंथ की ट्रेनिंग दे रहे थे.

# खडसे के दामाद समेत 7 गिरफ्तार

- **हाई-प्रोफाइल रेव पार्टी का हुआ भंडाफोड़**
- **एकनाथ खडसे ने निष्पक्ष जांच की मांग की**

**पुणे, 27 जुलाई. महाराष्ट्र के पुणे शहर में एक हाई-प्रोफाइल रेव पार्टी का भंडाफोड़ हुआ है. पुलिस ने रविवार सुबह खराड़ी क्षेत्र के एक स्टूडियो अपार्टमेंट में छापा मारकर सात लोगों को गिरफ्तार किया, जिनमें पूर्व मंत्री एकनाथ खडसे के दामाद प्रांजल खेवळकर भी शामिल हैं. इस घटना के बाद राज्य की राजनीति में हलचल मच गई है.**

पुलिस के अनुसार, क्राइम ब्रांच



को गुप्त सूचना मिली थी कि फ्लैट में ड्रग्स, शराब और हुक्का पार्टी चल रही है. इसके बाद तड़के करीब 3.30 बजे छापा मारा गया. तलाशी के दौरान 2.7 ग्राम कोकीन, 70 ग्राम गांजा, हुक्का पॉट, फ्लेवर और शराब की बोतलें बरामद की गईं. पकड़े गए अन्य लोगों में निखिल पोपतानी, समीर सय्यद, श्रीपद यादव, सचिन भोम्बे, ईशा सिंह और प्राची शर्मा शामिल हैं. सभी आरोपियों को एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार कर 29 जुलाई तक पुलिस हिरासत में भेजा गया है.

> सूत्रों के अनुसार, पार्टी में एक महिला विधायक के पति की भी मौजूदगी थी, जिससे मामला और संवेदनशील हो गया है. राजनीतिक प्रतिक्रिया भी तेज हो गई है. एनसीपी नेता एकनाथ खडसे ने निष्पक्ष जांच की मांग की है और इसे राजनीतिक साजिश करार दिया है. वहीं शिवसेना (उद्धव गुट) की नेता सुषमा अंधारे ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि यह कार्रवाई विरोधियों को डराने का प्रयास है.

**खुशखबरी** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मेट्रो रेल परियोजना का किया निरीक्षण

# अक्टूबर तक भोपाल को मिलेगी मेट्रो की सौगात



**भोपाल, 27 जुलाई. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को राजधानी भोपाल में मेट्रो रेल परियोजना का निरीक्षण किया और मेट्रो ट्रेन की ट्रायल यात्रा (टेस्ट रन) में शामिल होकर नागरिकों को जल्द ही मेट्रो की सौगात मिलने की घोषणा की. उन्होंने बताया कि सरकार अक्टूबर 2025 तक मेट्रो के प्रायोरिटी कॉरिडोर को आम जनता के लिए शुरू करने के लक्ष्य पर तेज़ी से कार्य कर रही है.**

डॉ. यादव ने सुभाष नगर स्टेशन से एम्स तक और फिर एम्स से आरकेएमपी स्टेशन तक मेट्रो ट्रेन की सवारी की. उन्होंने मेट्रो के डिब्बों, स्टेशन संरचना और तकनीकी सुविधाओं का अवलोकन किया. उनके साथ राज्य मंत्री कृष्णा गौर, अपर मुख्य सचिव संजय दुबे और एमपी मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के अधिकारी भी मौजूद थे.

मुख्यमंत्री ने बताया कि इंदौर में मेट्रो सेवा की शुरुआत हो चुकी है और उसे नागरिकों से बेहतरीन प्रतिक्रिया मिली है. भोपाल मेट्रो का काम भी तीव्र गति से चल रहा है. रिसर्च डिजाइन स्टैंडर्ड ऑर्गेनाइजेशन (आरडीएसओ) ने निरीक्षण पूरा कर लिया है और शीघ्र ही कमिश्नर, मेट्रो रेल सेफ्टी (सीएसआरएस) की अनुमति मिलने के बाद मेट्रो सेवा जनता के लिए खोली जाएगी. भोपाल मेट्रो परियोजना की कुल लागत 6941.40 करोड़ है, जिसमें से प्रायोरिटी कॉरिडोर सुभाष नगर से एम्स पर 2225 करोड़ का व्यय किया जा रहा है. इस कॉरिडोर पर मेट्रो सेवा अक्टूबर 2025 तक शुरू करने का लक्ष्य तय किया गया है. मेट्रो की डिजाइन स्पीड 90 किमी/घंटा जबकि ऑपरेशनल स्पीड 40-60 किमी/घंटा होगी, और प्रत्येक स्टेशन के बीच मात्र 2 मिनट का सफर होगा.




# बोइंग 737 विमान में लगी आग

## अमेरिका में विमान हादसा टला, 179 यात्रियों की बची जान

**नयी दिल्ली,27 जुलाई. अमेरिका के डेनवर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर शनिवार को एक बड़ा विमान हादसा टल गया. अमेरिकन एयरलाइंस की फ्लाइट एए-3023 जब मियामी के लिए उड़ान भर रही थी, तभी टेकऑफ के दौरान उसके लैंडिंग गियर (उतरने वाले पहिए) में अचानक आग लग गई.**

विमान बोइंग 737 मैक्स मॉडल था, जिसमें कुल 179 लोग सवार थे. 173 यात्री और 6 चालक दल के सदस्य. आग लगने के तुरंत बाद विमान को रनवे पर ही रोक दिया गया और सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया. डेनवर फायर डिपार्टमेंट ने बताया कि आग पर तत्काल काबू पा लिया गया. घटना में एक व्यक्ति को मामूली चोट लगी, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया.